## खबर संक्षेप

### चाकू सहित दो धराये

**शहडोल।** धनपुरी थाना क्षेत्रांतर्गत 01 मई को मुखबिर सूचना मिली कि धनपुरी में कुछ व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी गुड्डू अकरम पिता सदरे आलम उम्र 26 वर्ष निवासी धनपुरी एवं प्रकाश पटेल पिता राकेश पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी धनपुरी को पकड़कर तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक एक अद्द लोहे के चाकू मिले, जिन्हें जप्त कर उक्त आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह एवं प्रधान आरक्षक गेंद सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अनियमित ढंग से खड़े वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही

**शहडोल।** खैरहा कोल माइंस एवं दामिनी माइंस रोड में ट्रक चालकों द्वारा वाहन खड़ा करने से आम जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। तत्संबंध में खैरहा पुलिस द्वारा आम जनता, वाहन चालकों, क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं कॉलरी प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक ली गई थी। वाहन स्वामियों के द्वारा सड़क पर अनियमित ढंग से खड़ा करते पाये जाने पर खैरहा पुलिस द्वारा 17 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है एवं कार्रवाई लगातार जारी है।

### सट्टा पर्ची काटते दो पकड़ाये

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 01 मई को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बुढ़ार में एक व्यक्ति हारजीत का दाव लगाकर सट्टा खिलवा रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी क्रांती सिंह पिता लाल सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी बुढ़ार के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं 210 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक रामशरण दीवान की सराहनीय भूमिका रही। इसी क्रम में थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुदरी में एक व्यक्ति हारजीत का दाव लगाकर सट्टा खिलवा रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी मुकेश गुप्ता पिता कौशल गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी कुदरी थाना सोहागपुर के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं 570 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोहागपुर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रामनारायण पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर वसूले गये शुल्क

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 01 मई को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 152 चालानों में 75.200 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### बाबू नागपाल ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**शहडोल।** श्री राम रक्तदान समिति के सदस्य द्वारा बीती रात 12:30 बजे एक महिला अनु सिंह को डिलेवरी के दौरान ओ निगेटिव ब्लड की अत्यंत आवश्यकता पड़ी और इस ग्रुप का रक्त जिला अस्पताल ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं था, सूचना मिलने पर रक्तदाता बाबू नागपाल देर रात जिला अस्पताल पहुंच कर अपना अमूल्य रक्तदान किया।

---

**संयुक्त संचालक का उड़नदस्ता वसूली में लिप्त, शासन को भारी नुकसान**

# मोबाइल मैसेज के जरिये कर रहे महुआ का अवैध व्यापार



**महुआ फूल के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने गठित उड़नदस्ता संभागीय मण्डी बोर्ड का अमला संयुक्त संचालक की कप्तानी में खुद ही तस्कर बन बैठा है और शासन को चूना लगा रहा है। शासन के वफादार समझे जाने वाले अफसर अब स्वयं ही काले चोर बन बैठे हैं। इनकी निगरानी कौन और कैसे की जाए?**

शहडोल।

संभागीय उड़नदस्ता मण्डी बोर्ड का अमला शासन की आय को चूना लगाकर स्वयं ही मुख्य उपज महुआ फूल का सामानांतर व्यापार कर रहा है और जमकर पैसा पीट रहा है। इस अवैध व्यापार को अंजाम देने के लिए संभागीय उड़नदस्ता मण्डी बोर्ड के संयुक्त संचालक हरिराम लारिया ने स्वयं कप्तान की भूमिका निभाते हुए अपनी पसंद का अमला नियुक्त कर रखा है। इनका सारा खेल उड़नदस्ता सह प्रभारी गुप्ता प्रसाद बांधव की देखरेख मे चल रहा है। जो कि श्री लारिया के खासमखास माने जाते हैं। महुआ खरीदी का सारा खेल मोबाइल नंबरों के माध्यम से चल रहा है। व्यापारी इनसे एसएमएस के माध्यम से संपर्क कर सारे टैक्सों की चोरी करते हुए एक निश्चित दर पर अपना माल बेच देता है। बाद में श्री लारिया सारी वसूली कर लेते हैं। इनका सारा खेल सायबर सेल के माध्यम से पकड़ा जा सकता है। लेकिन बड़े अधिक ारियों की इस पर कोई नजर ही नहीं है।

### जारी हुए मोबाइल नंबर

अधिकारी की शह पर महुआ के अवैध परिवहन के लिए संभाग की मण्डियों में मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। इन नंबरों में मैसेज के माध्यम से महुआ फूल का अवैध व्यापार किया जाता है। जिस व्यापारी को अपना माल दो नंबर मे बेचना होता है वह संबंधित मोबाइल नंबर पर मैसेज करता है। माह के अंत में मैसेजों की गिनती कर रेट के अनुसार वसूली कर ली जाती है। यह सारी वसूली श्री लारिया स्वयं करते हैं, वे स्वंय मोबाइल पर सारे मैसेज लेकर गिनती करते हैं और वसूली करते हैं। इस काम में उनका खास सहयोगी उड़नदस्ता सह प्रभारी गुप्ता प्रसाद बांधव करते हैं। यह खेल एक अर्से से चल रहा है लेकिन इसकी न तो जांच पड़ताल की जा रही है और न कार्रवाई हो रही है।

### वाहनों की रेट लिस्ट भी बनी

महुआ फूल की अवैध वसूली के लिए विधिवत वाहनों के दर निर्धारित कर दिये गए हैं। ताकि धंधे में सहूलियत हो और व्यापारी को भी सुविधा मिले। निर्धारित रेट के अनुसार पिकअप का 1000 रुपए, माजदा का 3000 रुपए, ट्रक का 10 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। व्यापारी को जिस वाहन से माल लेकर आना हो वह उसका शुल्क भुगतान कर देता है। पूरे क्षेत्र में यही कारण है कि महुआ फूल की कहीं धरपकड़ नहीं हो रही है। शासन को जो राजस्व की प्राप्ति होनी चाहिए वह एक अर्से से नहीं हो पा रही है। जबकि पूर्व में उड़नदस्ता द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर आते जाते चोरी के वाहनों की धरपकड़ कर उन पर जुर्माना किया जाता था और माल को विधिवत मण्डी में भण्डारित कराया जाता था।

### इस तरह टैक्स का निर्धारण

शासन ने महुआ फूल का टैक्स निर्धारित कर रखा है जिसके अनुसार 1 प्रतिशत मण्डी टैक्स, 2 प्रतिशत जैव विविधता टैक्स, 5 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित किया गया है। महुआ के व्यापार में व्यापारी को शासन के पक्ष में 8 प्रतिशत की राशि जमा करानी पड़ती है। लेकिन दो नंबर के व्यापार में इस टैक्स की बचत कर ली जाती है और व्यापारी सीधे अपना महुआ बेच कर चला जाता है। इसमें व्यापारी को अपेक्षाकृत कुछ सस्ता बेचना पड़ता है। फिर भी व्यापारी को भरपूर मुनाफा होता है। लारिया जैसे अधिकारी मण्डी बोर्ड को खोखला करने पर तुले हुए हैं।

### सायबर सेल पकड़ सकता है घोटाला

यदि मण्डी बोर्ड संभागीय उड़नदस्ता की करतूतों की धरपकड़ करने पुलिस के सायबर सेल से मदद ली जाए और सारे नंबरों की जांच पड़ताल कराई जाए तो मामला पकड़ में आ सकता है। कब किससे कितनी खरीदी हुई और किस तरह की बातें हुईं इस बात का सरलता से खुलासा हो सकता है। मसला यह है कि मोबाइल नंबरों के माध्यम से खरीद फरोख्त करने का कोई सिस्टम ही नहीं है फिर अपने मन से अधिकारी यह सिस्टम क्यों संचालित कर रहे हैं।

---

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया का किया औचक निरीक्षण



**कर्तव्य से अनुपस्थित डॉक्टर सहित 10 कर्मचारियों को जारी किए कारण बताओ नोटिस**

उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. छवि सिंह उपस्थित पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया में 23 स्टाफ में से 10 लोग अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने संबंधित शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, तहसीलदार कर्तव्य अग्रवाल, बीएमओ डॉ. व्ही. एस. चंदेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक डॉ. छवि सिंह उपस्थित रही।

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया में पहुंचकर उपस्थित पंजी का अवलोकन किया तथा अनुपस्थित चिकित्सक डॉ. धमेन्द्र के अतिरिक्त स्टाफ नर्स श्रीमती उशा, पुष्पा तोमर, संगीता यादव, अंगीता कुशवाहा, सीमा सिंह, पुनीत सिंह, रमेश प्रसाद, महेन्द्र मिश्रा, संजय मिश्रा तथा नीलेश सोनी को अनुपस्थित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए है। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर मरीजों से रूबरू चर्चा की तथा भोजन एवं नाश्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। किचन का भी निरीक्षण किया तथा किचन मे उपयोग की जाने वाली सामग्री की भण्डार रजिस्टर संधारित करने तथा सार्वजनिक स्थल पर नाश्ते एवं भोजन की साप्ताहिक मीनू चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीयन कक्ष के संचालन तथा मीनू के अनुसार भोजन का वितरण सुनिश्चित कराने की बात कही।

---

# प्रशिक्षण के संबंध में कमिश्नर से मिला मध्यप्रदेश शिक्षक संघ



**शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 02 मई को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल का प्रतिनिधि मंडल प्रशिक्षण जून में करने के लिए कमिश्नर बी.एस. जामोद से मिला एवं सकारात्मक चर्चा की, कमिश्नर ने कहा कि प्रशिक्षण में शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं होगी तथा यदि किसी बैच में कोई शिक्षक उपस्थित नहीं होता, तो अगले बैच में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगा, साथ ही इसके बदले में शासन द्वारा सभी शिक्षकों को अर्जित अवकाश की पात्रता होगी, ऐसा उनके द्वारा कहने पर संगठन ने उनकी बातें ध्यान से सुनी, अर्जित अवकाश का उल्लेख भी आदेश में रहेगा। कमिश्नर के निर्देश पर संयुक्त संचालक शिक्षा से मिलकर हम लोगों ने अर्जित अवकाश दर्ज हेतु संगठन द्वारा मांग की गई, जेडी ने अर्जित अवकाश मिलने की बात आदेश जारी करते समय लिखने के लिए कहा परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित हो पदनाम पदोन्नति क्रमोन्नती की भी चर्चा हुई।

ज्ञापन देते समय अरुण कुमार मिश्रा पूर्व प्रांतीय सचिव, विजय चतुर्वेदी संभागीय सचिव, लालजी तिवारी जिला अध्यक्ष, शिक्षक रमाशंकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, सचिव राजन सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष बुढ़ार बृज जायसवाल, ब्लॉक सोहागपुर अध्यक्ष सूर्य प्रकाश द्विवेदी, जिला योग प्रभारी हेमंत पाठक, तहसील कार्यकारिणी सदस्य राजीव तिवारी, प्राचार्य मॉडल जयसिंहनगर आर. डी. राय, नगर इकाई सचिव शहडोल कैलाश जोशी, अध्यक्ष नगर इकाई मोहन लाल रैदास, व्याख्याता कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल हनुमान शरण त्रिपाठी सहित अन्य कई शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

---

# भाई की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**शहडोल। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय श्रीमती सुमन उईके बुढ़ार के द्वारा अभियुक्त दीनदयाल पाव को धारा 302 भादवि. थाना बुढ़ार के सत्र प्रकरण कमांक-54/2022 में दोषी पाते हुए 30 अप्रैल को आजीवन कारावास एवं 10000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।**

अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने बताया कि अभियोजन का मामला का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 17 अप्रैल 2022 को करीब शाम 05 बजे घटना स्थल मृतक प्रभुदयाल का मकान ग्राम बैरिहा में आरोपी दीनदयाल पाव ने अपने भाई प्रभुदयाल पाव की मारपीट कर घर में हत्या कर दी। जब प्रभुदयाल से 100 रूपये उधार दिये पैसे को वापस नहीं दिया, जिस पर प्रभुदयाल पाव और दीनदयाल पाव का झगड़ा विवाद हुआ, इसी रंजिस को मानकर आरोपी दीनदयाल पाव ने अपने भाई को जान से मारने की नियत बनाकर जमीन में पटककर मारपीट किया, जिससे उसकी गम्भीर चोट लगने से घटनास्थल पर मृत्यु हो गयी।

थाना बुढ़ार के द्वारा साक्ष्य एकत्रित कर साक्षियों के कथन एवं आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां पर सत्र न्यायालय में प्रकरण को अंतरित किया गया। सत्र न्यायालय ने गहन जाँच विचार कर मृतक की पुत्री एवं अन्य साक्षियों से बयान के आधार पर एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य को मानते हुए एवं चिकित्सकीय प्रतिवेदन का परीक्षण माननीय न्यायालय द्वारा किया गया अभियोजन की ओर से लोक अभियोजन का तर्क है कि अभियुक्त दीनदयाल के विरूद्ध आरोपित आरोप को युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया है, अभियुक्त को कठोर दण्ड से दण्डित किया जावे, जिस पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को मृतक प्रभुदयाल की हत्या कारित किये जाने का दोषी मानते हुए उसे आजीवन कारावास एवं दस हजार रूपये की अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक आलोक सय एवं अशोक सिसोदिया के द्वारा पैरवी की गयी।

---

# रेलवे से निजीकरण रोकने व न्यू पेंशन स्कीम पर बैठक में हुई गंभीर चर्चा

शहडोल

नेशनल फेडरेशन इंडियन रेलवे मेन भारतीय रेल कर्मचारियों की सबसे मजबूत आवाज है, सभी रेल कैटगरी की समस्याओं का बिंदू वार समीक्षा कर रेलवे बोर्ड पीएनएम बैठक में लिखित रखकर निराकरण हो रहा है, 90 हजार पाइंट्स मेन (पोर्टर) का नया पे स्केल लागू कर 4200 ग्रेट पे दो माह में मिलने की संभावना है, एनएफआईआर की मांग पर 2009 से ट्रैक के लिए गठित कमेटी के सिफारिशों पर कई सुधार हुआ है, ट्रैक मेंटेनर को 4200 जीपी लागू किया जाए, अन्य विभागों में जाने का बेहतर अवसर मिलें।



एनएफआईआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुमान सिंह ने कहा मुंबई वर्किंग कमिटी मीटिंग में रेलवे से निजीकरण रोकने व न्यू पेंशन स्कीम पर गंभीर चर्चा हुई, साथ ही रेलवे गुप्त मतदान चुनाव पर हमारे संगठन का चुनाव लड़ने व जितने की रणनीति बनेगी। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन ने बताया कि 28 व 29 अप्रैल को मुंबई के वाईएमसी इंटरनेशनल होटल के सभागार में नेशनल फेडरेशन इंडियन रेलवे मेन नई दिल्ली की 239 वां राष्ट्रीय वर्किंग कमिटी की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष गुमान सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.एम. राघवैया, एनएफआईआर के कोषाध्यक्ष तपन चटर्जी, आयोजक जोन डब्ल्यूआरएमएस के महामंत्री आर. जी. काबर, जोनल अध्यक्ष शरीफ खान पठान सभी 17 रेल जोन अध्यक्ष, महामंत्री राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य मौजूद रहे। इस राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी बैठक को बिलासपुर जोन के रेलवे मजदूर कांग्रेस के नेता बिलासपुर मंडल समन्वयक बी. कृष्ण कुमार, रायपुर मंडल समन्वयक डी. विजय कुमार, संयुक्त महामंत्री लक्ष्मण राव, रायपुर मंडल से राजेन्द्र सिंह ने संबोधित किया। रेलवे कांग्रेस नेता बी. कृष्ण कुमार ने हर 50 किलोमीटर में बिना सुविधा के रनिंग मुख्यालय खोलने का विरोध किया, वहीं पर्सनल विभाग सहित अन्य विभागों को गलत मनमाने तरीके से मर्जिंग का विरोध किया। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व कोयलांचल प्रभारी रेलवे कांग्रेस नेता लक्ष्मण राव ने न्यू पेंशन स्कीम, नीजीकरण से हो रहे नुकसान पर तर्कसंगत विचार रखे, उन्होंने एनएफआईआर की बोर्ड पीएनएम मांग का समर्थन किया कि ट्रैक मेंटेनर व ट्राफिक अस्टिंट (पोटर) का ग्रेट पे 4200 जल्द लागू हो, सिग्नल विभाग में स्टाफ बढ़ाने के साथ रोस्टर लागू करने, रनिंग स्टाफ माइलेज किलोमीटर को इंकमटैक्स के दायरे से अलग करा जाए, कार्मिक विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ का ग्रेड पे 2800 से शुरू किया जाए एवं टाइपिंग टेस्ट में नियमों को बदलाव कर राहत प्रदान किया जाए, कमर्शियल विभाग के मार्जिन पर कर्मचारी की समस्याओं को सुना जाए, आदि मांगों को बहुत जोरदार ढंग से उठाया गया।

---

# बुढ़ार यूनियन बैंक के लॉकर से ज्वेलरी गायब होना बना रहस्य

**बैंक के लॉकर में लाखों की ज्वेलरी और अन्य दस्तावेज करीब 15 साल पहले बुढ़ार के कारोबारी ने रखे थे, बीच के कुछ सालों में लॉकर का किराया न जमा किया, लेकिन बाद में जब जमा किया और लॉकर को खोलने पहुंचा तो, उसकी पूरी ज्वेलरी नदारत मिली, आरोप है कि प्रबंधन ने इसमें गड़बड़ी की और बचने के लिये वीडिये रिकार्डिंग नहीं करवाई।**

शहडोल

जिले के बुढ़ार स्थित यूनियन बैंक की शाखा प्रबंधक की मनमानी के कारण चर्चाओं में है, यूनियन बैंक के लाकर से उवभोक्ता के लाखों के जेवरात गायब होने की शिकायत उपभोक्ता ने बैंक प्रबंधन सहित पुलिस से की है, बैंक के लाकर में रखें उपभोक्ता के 50 लाख के अधिक के जेवरात गायब होने का एक मामला सामने आया है। उपभोक्ता के लाकर से ज्वेलरी गायब होने की शिकायत उपभोक्ता ने बैंक प्रबंधन सहित पुलिस में भी दर्ज कराई है। इस पूरे मामले में यूनियन बैंक प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। और अब जब मामला तूल पकड़ता देख बैंक के मैनेजर इस जिम्मेदारी से पल्ला झड़ते हुए उपभोक्ता पर ही आरोप लगा रहे है। बैंक के लाकर से ज्वेलरी गायब होने से परेशान उपभोक्ता मदद की गुहार लगाते हुए जिम्मेदारों पर कबित कार्यवाही की मांग कर रहा है। वहीं इस मामले में शाखा प्रबंधक द्वारा लॉकर ब्रेक कराते समय जानबूझकर वीडिया ग्राफी न कराना और उपभोक्ता के साथ अभद्रता करना, उसे खुद कटघरे में खड़ा करता है।

### यह है मामला



जिले के बुढार थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यवसायी दातूमल विशनदासानी का बुढार यूनियन बैंक में बचत खाता है। जिसमे उन्होंने जब से यूनियन बैंक में लाकर की सुविधा शुरू हुई तब अपने लाकर नम्बर 149 में अपने परिवार के जेवरात लेकर में रखे थे, इस दौरान वो आवश्यकता अनुसार लाकर खोलते बंद करते रहे, ,जिसके बाद किन्ही कारणों से उन्होंने लंबे समय से लाकर में रखे ज्वेलरी को न खोला और न ही देखा ,इस दौरान 16 फरवरी को जब वे अपने लॉकर को काफी प्रयासों के बाद भी नही खुला, जिसकी सूचना बैंक प्रबंधन को दी गई, इस दौरान दूसरे दिन यानी 17 फरवरी को बैंक प्रबंधन द्वारा उक्त लाकर को उपभोक्ता के सामने खुलवाया तो जो नाजरा देखा सभी के होश उड़ गए , लाकर में रखे सभी जेवरात गायब थे।

### बैंक ने झाड़ा पल्ला

जिस पर उन्होंने बैंक प्रबंधन से इस संबंध में जानकरी देते हुए लॉकर से ज्वेलरी गायब होने की वजह पूछी तो बैंक प्रबंधन ने मामले में अपना पल्ला झाड़ते हुए इस मामले से खुद को अनजान बताते हुए, इसके लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराने लगा, जिससे आहत उपभोक्ता के लॉकर से ज्वेलरी गायब होने की शिकायत उपभोक्ता ने बैंक प्रबंधन सहित पुलिस में भी दर्ज कराई है। इस पूरे मामले में यूनियन बैंक प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। और अब जब मामला तूल पकड़ता देख बैंक के मैनेजर इस जिम्मेदारी से पल्ला झड़ते हुए उपभोक्ता पर ही आरोप लगा रहे है। बैंक के लाकर से ज्वेलरी गायब होने से परेशान उपभोक्ता मदद की गुहार लगाते हुए जिम्मेदारों पर कबित कार्यवाही की मांग कर रहा है।

### आरटीआई से भी इंकार

इस पूरे मामले में बैंक प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जब किसी उपभोक्ता का लेकर खराब होने की स्थिति में जब लाकर को तुड़वाया या फिर किसी अन्य सोर्स से खुलावाया जाता है, तो बैंक के द्वारा नियमतः उसकी पूरी वीडियो ग्राफी कराई जाती है।

जो कि यूनियन बैंक के जिम्मेदारों ने नही कराई, जो अब संदेह के घेरे में है। उपभोक्ता द्वारा आरटीआई में कुछ जानकारी मांगी है, जिसका जवाब दिया जाएगा की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया।

बैंक के लाकर से ज्वेलरी गायब होने की एक शिकायत प्राप्त हुई है। इस शिकायत का संबंध बैंक से है बैंक के आंतरिक जाच का विषय है। बैंक द्वारा कोई जांच रिपोर्ट पेश करेगी यदि कोई अपराध बनेगा तो फिर मामला दर्ज किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### ग्राम गंजरहा में मतदाताओं का आभार महोत्सव कार्यक्रम आज

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन में ग्राम गंजरहा विकासखण्ड मानपुर के मतदाताओ द्वारा शत-प्रतिशत मतदान किया गया है। जिनके सम्मान मे मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम 03 मई को सायं 4 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम पठारी एवं कुनकुनी में मतदाताओं का आभार महोत्सव कार्यक्रम कल

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन में ग्राम पठारी एवं कुनकुनी के मतदाताओ द्वारा शत-प्रतिशत मतदान किया गया है। जिनके सम्मान मे मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम ग्राम पठारी विकासखण्ड करकेली में दोपहर 2 बजे से तथा ग्राम कुनकुनी विकासखण्ड पाली में सायं 4 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 9 को

**उमरिया।** आयुक्त की अध्यक्षता में 9 मई को प्रातः 11 बजे से विकास कार्यो की संभागीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार शहडोल में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### कलेक्टर कान्फ्रेंस 8 को

**उमरिया।** आयुक्त बी. एस. जामोद की अध्यक्षता में 08 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर्स कान्फ्रेंस राजस्व की संभागीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गई है । बैठक में संभाग, नोडल अधिकारियों के साथ सभी विभागो के जिला अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### पेयजल-सफाई व्यवस्था को लेकर नपाधिकारी ने किया निरीक्षण



**धनपुरी।** नगर पालिका आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिस तरह से निरंतर प्रयास रख रहती है आज उसी का नतीजा है कि नगर के समस्त वार्ड में व्यवस्थाएं बेहतर देखने को मिल रही है मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभात बरकड़े लगातार शहर के वार्ड का निरीक्षण भी कर रहे हैं और वहां की समस्याओं के तत्काल निराकरण को लेकर लगातार प्रयास भी कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कार्यालय में भी वह मौजूद रहकर वहां आने वाले लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और जिस तरह से मौके पर ही उसका निराकरण कर रहे हैं उसे नगर के लोगों में भी एक विश्वास देखा जा रहा है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और इस मौसम में सबसे अधिक समस्या पेयजल को लेकर होती है लेकिन गर्मी से पहले ही इस बात को देखा जा रहा था जिस तरह से नगर पालिका समय रहते व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगी हुई थी उसके नतीजे अब सार्थक भी नजर आ रहे हैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पूर्व में ही जल विभाग को शहर के अंदर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे इसके बाद से ही नगर में लगातार पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जल विभाग के द्वारा काम किया जा रहा था और अब जब गर्मी शुरू हुई है तो शहर के अंदर पेयजल व्यवस्था सबसे बेहतर देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ मुख्य नगर पालिका अधिकारी इन दोनों धनपुरी नगर के वार्डो का लगातार भ्रमण कर रहे हैं और वहां की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार ध्यान दे रहे हैं वैसे भी वर्तमान में नगर के समस्त वार्ड में गर्मी के मौसम को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्वच्छता विभाग को इस बात को लेकर भी निर्देशित किया है।

## दलालों का बोलबाला, दफ्तर से नदारद रहते हैं बाबू

# नपा में नाम जोड़ने ठग लिए नागरिक से 15 हजार




नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करने वाली नगरपालिका दिनोदिन भ्रष्टाचार के दलदल में डूबती जा रही है। अब तो यहां दलालों के माध्यम से भी पैसे वसूले जा रहे हैं। नगरपालिका की प्रशासनिक व्यवस्था इतनी लचर हो चुकी है कि वहां हर स्तर पर केवल भर्रा मचा हुआ है। लोग भटकते हैं और फिर दलालों के चक्कर में पड़कर ठगे जाते हैं।

शहडोल।

नगरपालिका के आरआई, मोहर्रिर व बाबू सब जनहित और शासन के काम करने की बजाय सारा दिन केवल अपनी गोटी बैठाने में लगे रहते हैं। कितने लिपिक यहां पदस्थ हैं और कितने अपनी सीट पर मिलते हैं यह औचक निरीक्षण का विषय है। अंजान व असहाय लोग योजनाओं, प्रक्रियाओं की सही जानकारी नहीं होने के कारण इधर उधर भटकते हैं और फिर दलाल उन्हे अपने चंगुल में फंसा कर उनकी हड्डियां चूस लेते हैं। यहां वर्षों से यही खेल चल रहा है लेकिन इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। नागरिक भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पार्षदों से संपर्क करने की बजाय इधर उधर लोगों से संपर्क कर ठगी के शिकार होते हैं। नगर पालिका की शायद ही ऐसी कोई शाखा होगी जहां रिश्वत नहीं ली जाती होगी। भवन निर्माण की अनुमति, नाम जोड़ने की प्रक्रिया, टैक्स भुगतान, किराया वसूली, एनओसी आदि ऐसे कई कार्य हैं जहां जमकर धांधली और रिश्वत का खेल चल रहा है। पिछले दिनों इसी तरह दलाली का एक मामला सामने आया। जिसमें नपा में नाम जोड़ने के लिए 15 हजार रुपए वसूले गए।

### काम हो जाएगा, रकम लगेगी

नगर पालिका में नाम दर्ज कराने के लिए एक नागरिक ने पीडब्लूडी मे पदस्थ एक ऐसे स्थाई कुशल कर्मी से संपर्क किया जिसकी नगरपालिका में काफी जान पहचान थी। उसने अपनी स्थिति बताई और कहा कि नपा मे नाम दर्ज कराना है। इसके लिए उस कर्मचारी ने नगर पालिका के एक आर आई से संपर्क कराया। आरआई ने नगर पालिका में नाम दर्ज करने के लिए उस नागरिक से 25000 रुपए का खर्चा बताया और कहा कि जल्दी दे दो। उस व्यक्ति ने अपनी कुछ मजबूरी बता कर कहा कि वह पहले 15 हजार देगा और फिर 10 हजार काम होने के बाद देगा। बात तय हो जाने के बाद आरआई ने एक नंबर देकर उससे उसमें 15 हजार डलवा लिए। ज्ञातव्य है कि यह आरआई रकम लेन देन के मामले में पूर्व से ही विवादित और चर्चाओं में रहा है।

### न काम हुआ न पैसा मिला

महीनों बीत जाने के बाद और रिश्वत देने के बाद भी जब नागरिक का काम नहीं हुआ और वह लगातार चक्कर लगाते लगाते थक गया तो उसने पीडब्लूडी के कुशल कर्मी से पुनः बात की। कई दिनों तक तो वह टाल मटोल करता रहा। निराश होकर नागरिक अपने पैसों की मांग करने लगा। उसकी बात सुनते ही वह पैसों के मामले में मुकर गया। उसने तो यहां तक कह दिया था कि रिश्वत का पैसा कभी वापस नहीं होता है। नागरिक अब ठगा सा रह गया। उसे अपने15 हजार डूबते नजर आ रहे हैं। उसका कहना है कि वह अब बड़े अधिकारियों से संपर्क करेगा।

### दलालों के चक्कर में क्यों?

बताया जाता है कि लोग भी कार्यालय में जाकर प्रक्रिया जानने और सहयोग लेने की बजाय इधर उधर लोगों से संपर्क करने लगते हैं। उन्हे सबसे पहले तो अपने वार्ड पार्षद से संपर्क करना चाहिए। इसके अलावा वे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से मिल कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। दूसरी ओर लोगों का यह भी कहना है कि नगरपालिका कार्यालय की सीटों पर कोई न तो उपलब्ध रहता है न कोई जानकारी देता है। मजबूरी में लोगों को भटकना पड़ता है। वैसे भी नगरपालिका में संविदा कर्मचारियों की भरमार है और वे अधिकांशतः दो नंबर की ही फिराक में रहते हैं। नगरपालिका में कभी किसी शाखा की जांच पड़ताल तो होती नहीं, इसलिए सब अपने मन की करते रहते हैं।

## ओडीएफ घोषित गांव में नित्य क्रिया के लिए गई दो मासूमों की रेल हादसे में मौत

**नौरोजाबाद।** थाना अंतर्गत ग्राम सस्तरा में बुधवार की शाम करीब 6:30 ट्रेन हादसे में दो मासूम बेटियों की मौत के बाद गुरुवार को पीएम आदि कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायमी कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।दरअसल बुधवार की शाम करीब 6:30 बजे दो मासूम बेटियां पार्वती कोल पिता लक्ष्मी कोल उम्र 11 वर्ष एवं अंजू कोल पिता राम किशोर कोल उम्र 14 वर्ष नित्य क्रिया के लिए रेल ट्रैक से होते हुए जा रही थी, इसी बीच पाली से उमरिया जा रही मालगाड़ी की चपेट में दोनों लड़की आ गई, जिसमे दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई। बताया जाता है कि ये दोनों हाथ में मोबाइल ली थी और कान में ईयर फोन लगाई थी, जिस वजह से ट्रैक से गुज़र रही मालगाड़ी की जानकारी नही लगी जिससे दोनों हादसे का शिकार हुई है। इस मामले में यह भी बताया जाता है कि घटना के दौरान मालगाड़ी चालक ने देर तक हॉर्न मारा, इसके अलावा कुछ दूर खड़ी गांव की दूसरी महिला ने सजग करने आवाज़ भी लगाया परन्तु ईयर फोन लगाए रखने की वजह से मृत दोनों लड़कियां अनभिज्ञ रही और रेल हादसे में जान गंवा बैठी। हृदय विदारक हुए इस हादसे के बाद से ही गांव में मातम पसरा है। सवाल इस बात का है कि सस्तरा गांव ओडीएफ घोषित है, यानी सभी घरों में शौचालय बनाये गए है, फिर ये दोनों बेटियां खुले में नित्य क्रिया के लिए क्यों गई। दरअसल अधिकांश निर्मित शौचालयों में हितग्राही लकड़ी, कंडा जैसी घरेलू सामग्री रखे हुए है, जिस वजह से परिवार खुले में शौच करने मजबूर है, रेल हादसे में दो अलग-अलग घरों की दो मासूम बेटियों की खुले में शौच जाते वक्त दर्दनाक रेल हादसे में मौत ओडीएफ घोषित गांव के लिए बड़ा सवाल है, शायद ये दर्दनाक हादसा ग्रामवासियों के लिए नजीर साबित होगा और जो खुले में शौच के लिए जा रहे है, वो घर पर बनें शौचालय का उपयोग करेंगे।

## 10 से हजरत नौगजा शाहदाता में रहमतुल्ला अलैह का तीन दिवसीय उर्स का आयोजन होगा

# चंदिया में आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय उर्स की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



उमरिया

हर वर्ष चंदिया मे हजरत नौगजा में शाहदाता रहमतुल्ला अलैह की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय उर्स के आयोजन समिति की बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय चंदिया में संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि पुरानी परंपराओं के अनुसार आयोजन में जो व्यवस्थाएं जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत द्वारा की जा रही थी, उससे बेहतर व्यवस्थाएं दी जाएगी। आपने कहा कि मेला प्रांगण में साफ -सफाई, आवागमन मार्ग, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर बिग्रेड की व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा पार्किग व्यवस्था की विभिन्न विभागों के माध्यम से एवं आयोजन समिति के सहयोग से की जाएगी। यहां आने वाले किसी व्यक्ति को परेशानियों का सामना नहीं करना पडे, के लिए प्रशासन कटिबध्द है । उन्होंने कहा कि उर्स कि सीसीटीव्ही से मानीटरिंग के साथ ही मजिस्ट्रेटो की नियुक्ति भी की जाएगी । साथ ही कमेटी से अपेक्षा की कि यहां आने वाले कव्वालो के माध्यम से धार्मिक एवं राजनैतिक मुददो पर कव्वाली का गायन नही किया जाए । कौमी एकता की मिशाल बनाई जाए।

पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि यहां आने वाली महिलाएं आभूषण का कम से कम उपयोग करें। अपने पास आवश्यकता से अधिक राशि लेकर नही जाएं तथा छोटे बच्चों की देख रेख ठीक ढंग से करें। आयोजन समिति इस संबंध में लगातार अपील करती रहेगी तथा किसी भी तरह की घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देगी । आयोजन समिति के अध्यक्ष असफाक खान एवं सचिव अब्दुल नसीब ने उर्स के आयोजन की जानकारी दी तथा इस आयोजन में जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, विद्युत मंडल तथा वन विभाग से पूर्व की भांति सहयोग का आग्रह किया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने उर्स स्थल का मौका मुआयना भी किया। समिति के अध्यक्ष असफाक खान ने बताया कि उर्स का आयोजन 10 मई , 11 एवं 12 मई को किया गया है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, वनमण्डलाधिकारी विवेक सिंह, अनुविभागीय अधिकारी वन कुलदीप त्रिपाठी, डीई एमपीईबी अभिषेक ठाकुर, एसडीओ पीएचई, सीएमओ किशन सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ रीता डेहरिया, तहसीलदार कर्तव्य अग्रवाल, नायब तहसीलदार कौशल सिंह, एजाज खान सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जेल में बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

उमरिया

उच्च न्यायालय जबलपुर रजिस्ट्रार-सचिव, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के निर्देशन में बंदियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण-उपचार शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय उमरिया तथा रेडक्रास सोसायटी उमरिया के द्वारा संयुक्त समन्वय स्थापित कर 8 चिकित्सकों के द्वारा 82 बंदियों कास्वास्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान संस्थान, मेडिकल कालेज, अस्पताल के लिये 43 बंदियों को रेफर किया गया।



इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशन में प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार चौधरी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार विजौलिया के द्वारा जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियो को विस्तार से जानकारी दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी उमरिया से अखिलेश त्रिपाठी, सभापति राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष अनुराग तिवारी, अरविन्द शर्मा (लैब टेक्नीशियन) ने स्वास्थ्य शिविर मे सहयोग प्रदान किया। संस्था के द्वारा चिकित्सक के परामर्श अनुसार दवाईया प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर मे जिला चिकित्सालय के चिकित्सक-सिविल सर्जन डॉ. के.सी. सोनी, डॉ. एल.एन. रूहेला, डॉ.व्ही.एस.चंदेल, डॉ. बी .के. प्रजापति, एवं रेडक्रास सोसायटी से चिकित्सक डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. श्रीकांत द्विवेदी, डॉ. मानसी अग्रवाल, उपस्थित रहकर बंदियो के स्वास्थ्य की जांच-उपचार किये। जेल चिकित्सक डॉ. एस. के. जैन, एवं मेलनर्स कनिका रामपाल के द्वारा बंदियो के स्वास्थ्य संबंधी हिस्ट्री एवं उनकी वर्तमान रिपोर्ट चिकित्सक के समक्ष प्रस्तुत कर उनका इलाज नियमित कराकर विशेषज्ञ चिकित्सक से परीक्षण कराया गया। जेल अधीक्षक डी. के. सारस, उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी तथा प्रहरी ने सभी बंदियो को शिविर में सम्मिलित कराया।

# ग्रीष्मकालीन खेल कैम्प का जिला मुख्यालय के स्टेडियम में हुआ शुभारंभ

**उमरिया।** खेल जीवन का अभिन्न अंग है, पढ़ाई के साथ जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। खेल अनुशासन तथा समय की पाबन्दी से बांधते हैं। साथ ही शरीर को सौष्ठव प्रदान करता है, आज तो खेल आजीविका का साधन भी बन रहे हैं, यह विचार कलेक्टर धरणेन्द कुमार ने जिला स्तरीय खेल समर कैंप के शुभारंभ के अवसर पर जिला मुख्यालय स्टेडियम में नवोदित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया ने कहा कि खेलोगे कूदेगो बनेगो नवाज। उन्होंने कहा कि कैम्प के माध्यम से बच्चे खेलों के बारे में जाने तथा जिले का नाम रोशन करे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह ने कहा कि एक माह के ग्रीष्मकालीन खेल कैंप में विभिन्न विभाग स्कूल शिक्षा, मिलकर जिला तथा जनपद मुख्यालयों में एक माह तक सुबह एवं सायंकाल आयोजित किये जायेंगे। सभी अभिभावक अपने बच्चों को खेलने अवश्य भेजें। व्हालीवाल संघ के अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि उमरिया जिला खेलों का हब रहा है, हाकी, बास्केटबॉल, हैण्डवाल आदि के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने नगर के नवोदित खिलाड़ियों को अच्छी सुविधायें उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम का आभार जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर ने व्यक्त किया तथा बताया कि गायन,



चित्रकला तथा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर अतिथियों ने व्हालीवाल, हैण्डबाल तथा हांकी की खेल सामग्री का वितरण भी किया। इस अवसर पर खेलों इण्डिया के प्रशिक्षक प्रवीण पसोरिया, शिवम सोंधिया कोचिंग देंगे।

इस अवसर पर डीपीसी सुशील मिश्रा, प्राचार्य, सहायक संचालक शिक्षा, जिला क्रीड़ा अधिकारी शेख सलीम, प्राचार्य शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उदय भान सिंह, प्राचार्य बालक कॉलरी स्कूल, संतोष सिंह, कृष्णा झारिया सहित नवोदित खिलाड़ी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह गहलौत ने किया। इस अवसर पर बिहरुलिया के दल ने शैला नत्य तथा सोहन सिंह की टीम ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

# शतरंज का निःशुल्क तीन दिवसीय कोचिंग कैंप का हुआ आयोजन



**शहडोल।** जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित निःशुल्क तीन दिवसीय कोचिंग कैंप जो की ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल के सौजन्य से आयोजित किया गया, उसमें आज सभी खिलाड़ियों को प्रैक्टिस मैच खिलाए गए। कैंप में प्रथम दिन 44, द्वितीय दिन 44 एवं अंतिम दिन 62 खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं शतरंज की बारीकियां सीखी। प्रशिक्षण के दौरान जिला शतरंज संघ के सदस्यों के अलावा ज्ञानोदय स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर शिवानी नामदेव एवं महर्षि विद्या मंदिर स्कूल की पीटीआई टीचर नमिता यादव का विशेष योगदान रहा। जिला शतरंज संघ ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रिंसिपल, डायरेक्टर एवं समस्त स्टाफ का विशेष रूप से धन्यवाद करता है एवं उम्मीद करता है कि शतरंज के विकास के लिए हमेशा इसी तरह से तत्पर रहेंगे।संभाग के सभी शतरंज खिलाडियों को सूचित किया कि 1 मई होटल महाराजा पैलेस में ठीक सुबह 9 बजे संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ हो गया है। प्रथम तीन दिन अर्थात एक-दो एवं तीन मई को अंडर 7 ,9, 11, 13, 15 एवं 19 वर्ष वर्ग के मैच खिलाए जाएंगे एवं सीनियर वर्ग के मैच 3, 4 मई एवं 5 मई को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन 05 मई को होगा। सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि सुबह 8:30बजे होटल महाराजा पैलेस में पहुंचे।

### 183 वाहन चालकों से वसूले शुल्क

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 30 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 183 चालानों में 75.200 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

# बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**उमरिया।** शिक्षा हमें नए प्रगति के नए आयामों की ओर ले जाती है। यह हमारी सोच को विस्तारित करके हमें समस्याओं के समाधान की दिशा दिखाती है और हमें आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचने को प्रेरित करती है। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्पन्न होने वाले विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाने के उद्देश्य से जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा पुष्प गुच्छ, श्रीफल, पेन व हल्दी चावल तिलक कर सम्मानित किया। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी विकास सिंह 86.8 प्रतिशत, सावन सिंह 61.प्रतिशत व कक्षा आठवी एवं पांचवी के सारिका सिंह 75.8 प्रतिशत, सुरुचि सिंह मरावी 79.4 प्रतिशत, नंदनी सिंह ए प्लस उत्तीर्ण हुए। विद्यालय शिक्षक महेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने का लक्ष्य केवल नौकरी करना या उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है, बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका निर्वाह करना है।हिमांशु तिवारी ने कहा की प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है, उन्होंने सभी छात्रों को कड़ी मेहनत कर अच्छी नंबर से पास होकर विद्यालय समाज एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित



किया।बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबर लाने वाले छात्रों के पीछे उनके अभिभावकों की अहम भूमिका होती है, बच्चों ने भी कड़ी मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि एमपी बोर्ड के 5वीं, 8वीं,10वीं व 12 वीं कक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थियों से संपर्क कर ग्राम पंचायत बरहाई में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को खुद पर विश्वास होना चाहिए तभी वह लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आये युवक हुई मौत

**अनूपपुर।** चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकोला में 30 अप्रैल को कूलर में पानी भरने के दौरान करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौतहो गई। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। बताया गया कि शिवकुमार द्विवेदी पिता चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी उम्र 45 वर्ष जो की 30 अप्रैल को अपने घर पर कूलर में चालू हालत में पानी भर रहे थे इसी दौरान करंट की चपेट में आने से वहीं पर बेहोश की स्थिति में गिर पड़े। इसके कुछ समय पश्चात पत्नी नीलू द्विवेदी के द्वारा देखे जाने पर कूलर को बंद करते हुए परिवार के अन्य लोगों के साथ उपचार के लिए केंद्रीय चिकित्सालय धनपुरी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के पश्चात पुलिस के द्वारा मर्ग कायम करते हुए जांच की जा रही है।

### कल होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनूपपुर।** माननीय मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय/मुख्य संरक्षक, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार संपूर्ण प्रदेश में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में रविन्दर सिंह, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय अनूपपुर में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि रक्तदान करना मानसिक स्वास्थ्य के लिये फायदेमंद होने के साथ ही दिल से जुड़ी बीमारियों की संभावना को कम करता है, लीवर को स्वस्थ रखता है। जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालेंटियर, छात्र-छात्राओं, समाजसेवियों व आमजन से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा की गयी है। रक्तदान करने के इच्छुकजन 4 मई को सुबह 11 बजे से आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

### कोतमा थाने में दर्ज हुआ दुष्कर्म का प्रकरण

**अनूपपुर।** 1 मई को पीड़िता राखी सिंह (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष निवासी अमराडंडी, थाना अमलाई, जिला शहडोल के द्वारा थाना कोतमा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई पीडिता अपनी सहेली के साथ अमलाई रेल्वे स्टेशन गई थी, उसी दौरान अमलाई रेल्वे स्टेशन पर उसे आरोपी निवासी कोतमा जिला अनूपपुर के द्वारा रोजगार दिलाने के बहाने पीडिता एवं उसके सहेली को बहला फुसला कर ट्रेन में बैठाकर कोतमा ले आया और पीडिता के साथ गोविन्दा के नर्सरी में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। पीडिता की रिपोर्ट पर थाना कोतमा में अपराध क्र0 214/2024 धारा 363, 366ए, 376 भादवि, 3,4 पास्को एक्ट एवं 3(2)5 एसीएसटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो0 इसरार मन्सूरी के द्वारा थाना प्रभारी कोतमा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी कोतमा को निर्देशित किया गया है।

**थाना रामनगर में मारपीट का प्रकरण दर्ज–** 1 मई को फरियादी ललन सिंह गोंड पिता स्व. वशू सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03 काली बस्ती राजनगर के द्वारा थाना रामनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी तेजबहादुर कुशवाहा निवासी राजनगर के द्वारा धर्मेन्द्र सिंह के कार्यालय में आकर जातिगत गाली गलौज करते हुए फरियादी के शर्ट का कालर पकड़कर हाथ मुक्का से मरपीट किया व जान से मारने की धमकी दिया है। जिस पर थाना रामनगर में अपराध क्र.187/2024 धारा 451, 294, 323, 506 भादवि एवं 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच विवेचना में लिया गया है।

# समस्याओं की भरमार, विकास की है दरकार

## पालिका की अनदेखी से जीना पड़ रहा नारकीय जीवन

**नर्मदा सभागार में कलेक्टर ने की नगरीय निकायों के विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा**






नगर पालिका परिषद अनूपपुर मे सुविधाओं का टोटा है। यहां के वाशिंदे मूलभूत जरूरतों के लिए तरस रहे हैं। बिजली, पानी, सड़क जैसी व्यवस्थाएं भी नहीं की गई हैं। इसे लेकर नागरिकों में गुस्सा है। हालांकि, पालिका परिषद प्रशासन को सत्ता का संरक्षण प्राप्त होने की वजह से कोई खुला विरोध नहीं कर रहा है।

अनूपपुर।

पिछले साल हुये नगर पालिका चुनाव मे नगर की सत्ता बदली जिसके बाद लोगों में उम्मीद जगी कि अब तस्वीर बदल जाएगी, कम से कम मूलभूत सुविधाओं का इंतजार तो खत्म ही हो जायेगा, परंतु अफसोस कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। इस संबंध मे गुरूवार को कलेक्टर ने अनूपपुर नगर पालिका समेत जिले के अन्य नगरीय निकायों के विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर कई निर्देश दिये।

हरिभूमि की टीम ने अनूपपुर नगर पालिका मे व्यवस्थाओं की पड़ताल की तो सबकुछ गड़बड़ ही मिला। कई जगह नालियां ध्वस्त हो चुकी हैं। लिहाजा गंदा पानी सड़कों पर भरा रहता है। ऐसे में आने-जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही सफाई नहीं होने के कारण कुछ जगह इतनी गंदगी हो गई है कि नागरिकों ने उधर से गुजरना ही छोड़ दिया है। कूड़ा निस्तारण का कोई खास इंतजाम नहीं है। नाला-नालियों के साथ जगह-जगह सड़कें भी ध्वस्त हो गई हैं। आवागमन के दौरान अक्सर लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। नियमित तरीके से सफाई नहीं होने के कारण चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बिजली के तार जर्जर होकर कई जगह हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं। रोस्टर के हिसाब से लाइट की आपूर्ति भी नहीं की जाती है। कई बार समय से पेयजल की आपूर्ति भी नहीं होती। नगरवासियों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि यहां समस्याओं की लंबी श्रृंखला है। नागरिकों का यह भी कहना था कि अव्यवस्थाओं की शिकायत कई बार जिम्मेदारों से की गई पर ध्यान देने को कोई तैयार नहीं हुआ।

### नगरीय निकायों के स्वच्छता सर्वेक्षण की कलेक्टर ने की समीक्षा

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिले के नगरीय निकायों के स्वच्छता सर्वेक्षण तथा राजस्व वसूली कार्य की निकायवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर व जिला शहरी विकास अभिकरण के प्रभारी अमन वैष्णव, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा उपयंत्री उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 की समीक्षा करते हुए तय मानकों के अनुसार तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो नगरीय निकाय पिछली बार सिंगल रेटिंग में थे, वह इस बार तीन स्टार रेटिंग में आने का प्रयास करें। उन्होंने इसके लिए स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी पैरामीटर पर कार्य करने के सीएमओ को निर्देश दिए हैं। उन्होंने अमरकंटक में संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर वाटर रेटिंग के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

### सामतपुर तालाब की निरंतर साफ-सफाई के निर्देश

कलेक्टर ने नगरीय निकायों में सफाई अभियान की समीक्षा करते हुए सभी सीएमओ को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के सभी स्थानों पर सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दो महीने तक नालियों के सफाई हेतु विशेष सघन अभियान चलाने के नगरीय निकाय के सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका परिषद अनूपपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सामतपुर तालाब की निरंतर साफ-सफाई तथा निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।

### बाजार को व्यवस्थित करवाने के भी निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में निकाय अंतर्गत राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सीएमओ को राजस्व वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अपने अमले लगाकर राजस्व वसूली सुनिश्चित करने तथा राजस्व वसूली की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्ण हो चुके आवासों की जियो टैगिंग एजेंसी तथा निकाय के स्थानीय अमले की मदद से जियो टैगिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ को अपने नगरीय क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले बाजार को व्यवस्थित करवाने की निर्देश दिए हैं। जिससे व्यापारियों तथा आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने नगरपालिका परिषद पसान के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को वाटर सप्लाई की लाइन बिछाने में आ रहे फॉरेस्ट एरिया में फॉरेस्ट विभाग से समन्वय कर समस्या का निराकरण कर कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में सभी नगरीय निकायों में प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# छत में काम कर रहे वृद्ध की करंट लगने से मौत, एक युवक गंभीर रूप से घायल



अनूपपुर।

कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत बम्हनी गांव में बुधवार की रात अपने ही घर की छत में काम कर रहे एक 50 वर्षीय वृद्ध की गांव से निकली बिजली तार से करंट लगने से जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व मौत हो गई वहीं 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल होने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा गुरुवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में मृतक मृतक के शव का ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने के साथ कार्यवाही प्रारंभ की। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 25 किलोमीटर दूर स्थित बम्हनी गांव में बम्हनी से छिल्पा जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे निवास रत 50 वर्षीय रामविनोद पटेल पिता प्रीतम पटेल जो अपने घर के छज्जे को तोड़वाने का काम गांव के ही मिस्त्री प्रवीण पिता बोधराम पटेल 30 वर्ष के साथ मिलकर ड्रिल मशीन के माध्यम से कर रहे थे तभी बुधवार की रात 10:30 बजे के लगभग काम करते समय बम्हनी से छिल्पा की ओर गयी 11 केव्ही बिजली लाइन जिसमे प्लास्टिक कवर लगा था जिसके बीच में कवर ना होने पर करंट लगने से मिस्त्री प्रवीण पटेल घायल हुआ जिसे बचाने के लिए दौड़े रामविनोद पटेल के हाथ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में करंट लगने एवं करंट के झटके से छत से नीचे जमीन पर गिरने पर गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे निजी वाहन से देर रात जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर ड्यूटी डॉक्टर से परीक्षण कराया गया जिस पर परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने रामविनोद पटेल की जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व मृत होना बताते हुए घटना की जानकारी जिला अस्पताल पुलिस को दी वही करंट लगने से 30 वर्षीय प्रवीण पटेल पिता बोधराम पटेल गंभीर रूप से घायल स्थिति में जिला चिकित्सालय में उपचाररत है। गम्भीर रुप से घायल के बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।

# कलेक्टर ने पीएम जन-मन आवास निर्माण कार्य का किया अवलोकन

## ग्राम की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के घर पहुंच स्वास्थ्य संबंधी ली जानकारी

अनूपपुर।



कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले के जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहार का भ्रमण कर पीएम जन-मन आवास योजना कार्य तथा गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य परीक्षण आदि की जानकारी हितग्राहियों के घर पहुंचकर ली। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पीएम जन-मन आवास के हितग्राही लमतू बैगा, कली बाई बैगा, रितु बैगा के घर पहुंचकर पीएम जन-मन आवास निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। हितग्राहियों ने कहा कि आगामी 15 से 20 दिवस में कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने आवास हितग्राहियों को कार्यों की पूर्णता के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर उपस्थित जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत बैहार में 97 पीएम जन-मन आवास स्वीकृत हैं। सभी निमार्णाधीन हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने पेयजल की उपलब्धता के संबंध में जनपद सीईओ को दिशानिर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने गर्भवती हाईरिस्क महिलाओं शांति बाई तथा बिंदिया बाई के घर पहुंच कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए जांच तथा दवाईयों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गर्भवती एवं हाईरिस्क महिलाओं के समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा हीमोग्लोबिन की जांच एवं दवाईयों की उपलब्धता एवं सेवन की सतत मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। मौके पर सीएचओ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम बैहार में 11 गर्भवती महिलाएं हैं, जिनमें 6 हाई रिस्क महिलाएं हैं। जिसके संबंध में कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# तेज गति से वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

अनूपपुर।




ड्राइविंग लाइसेंस होंगे सस्पेंड तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है जिस पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को चेक कर कार्रवाई करने हेतु पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई द्वारा जिले के थाना यातायात को इंटरसेप्टर व्हीकल विथ स्पीड डिटेक्टर मशीन के प्रदाय किया गया है, जिसका अधिक से अधिक उपयोग कर ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं अनु विभागीय अधिकारी अनूपपुर सुमित केरकट्टा के निदेर्शानुसार यातायात पुलिस द्वारा तीन दिन में चेकिंग दौरान 16 फोर व्हीलर वाहन चालक, जो ओव्हर स्पीड में वाहन चलाते पाए गए जिस पर कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया, साथ ही ऐसे वाहन चालको के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय भेजे गए। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालक एवं बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 82 दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई साथ ही 27 वाहन चालक बिना सीट बेल्ट फोर व्हीलर चलाते पाए गए जिन पर चालानी कार्यवाही करते हुए जुमार्ना वसूल किया गया, कुल 125 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

### पुलिस ने जुआरियों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**राजनगर।** थाना रामनगर द्वारा 2 मई को मुखबिर की सूचना पर शांतिनगर में स्ट्रीट लाईट के प्रकाश में आरोपी राहुल गोड उर्फ बबई पिता हरिकेश्वर सिह गोड उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्र010 सुभाषनगर राजनगर, अनुज कुमार गुप्ता उर्फ गोरखा पिता अजय गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 06 न्यू डोला, रामरूप चौधरी पिता भैयालाल चौधरी उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्र013 खोंगापानी, सुन्दर बंजारा पिता स्व0 सरजू बंजारा उम्र 63 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 06 पोखरी दफाई खोंगापानी के द्वारा तास के 52 पत्तों में रुपए पैसों का दांव लगाकर हार-जीत की बाजी से जुआ खेलते पाये गये जिनके कब्जे से कुल 7950/ रुपए नगदी ताश के 52 पत्ता जप्त किया गया है एवं आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क. 185/24 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार 1 मई को मुखबिर की सूचना पर भलमुडी रोड के किनारे स्ट्रीट लाईट के प्रकाश में आरोपियान कामेश्वर कमकर पिता बालेश्वर कमकर उम्र 32 वर्ष निवासी सीआरओ दफाई राजनगर, दीपक सिह पिला स्व. नरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 11 खपडा दफाई राजनगर, सुरेश कुमार गुप्ता पिता नत्थू लाल गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 06 बाजार पारा हाई स्कूल के पास चिरमिरी, सागर उर्फ मोनू मिश्रा पिता विष्णु मिश्रा उम्र 31 वर्ष निवासी सेमरा, हाल सुभाषनगर0 कालोनी राजनगर के द्वारा ताश के 52 पत्तों में रुपए पैसों का दाव लगाकर हार-जीत की बाजी से जुआ खेलते पाये गये। जिनके कब्जे से कुल 6930/ रुपए नगदी तास के 52 पत्ता जप्त किया गया है। एवं आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क्र. 186/24 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक उमेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी, अमित पटेल, आरक्षक मनोज उपाध्याय, अनुराग भार्गव, अनुराग सिह, राहुल प्रजापति व चालक आरक्षक रिन्कू गोले द्वारा की गई।

# विद्यार्थियों की सफलता में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका भी उल्लेखनीय

## प्राचार्यों के सम्मान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 वीं की परीक्षा में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन किया गया है। जिसके लिए विद्यार्थी व वहां के शिक्षक व संस्था प्रमुख बधाई के पात्र हैं। बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की सफलता में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका भी उल्लेखनीय है। उक्ताशय के विचार कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के आडोटोरियम में जिलेभर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्राचार्य कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं पढ़ाई के साथ-साथ अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन शैक्षणिक सत्र के शुरूआत से ही कार्ययोजना के अनुरूप विद्यार्थियों की पढ़ाई पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में लाईब्रेरी, लैब, स्मार्ट क्लास सहित बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने व्यवस्थाओं के संबंध में प्राचार्यों को मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने जिन विद्यालयों के द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है, उन विद्यालयों के प्राचार्य अपनी रणनीति से अन्य विद्यालयों के प्राचार्य को अवगत कराते हुए उन्हें उत्कृष्ट कार्ययोजना के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने जिले के शैक्षणिक स्तर के सुधार के लिए आगामी सत्र में और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।



**प्राचार्यों को कलेक्टर ने किया सम्मानित** -शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के आडोटोरियम में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 62 विद्यालयों के प्राचार्यों को तथा हायर सेकेण्डरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 54 विद्यालयों के प्राचार्यों को कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ द्वारा माल्यार्पण कर एवं गुलदस्ता व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै ममता चौधरी पति राजेश प्रसाद निवासी वार्ड नं. 03 (जुनहा टोला) ग्राम क्योंटार थाना व तहसील जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) मे निवास करती हूँ। मै वर्तमान मे ममता चौधरी के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। मेरे कक्षा 01 से कक्षा 12वी की अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों मे मेरा नाम ममता चर्मकार अंकित है एव मेरे अन्य शैक्षणिक अंकसूची प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आईडी आदि आदि दस्तावेजों मे ममता चौधरी अंकित है दोनों मेरे ही नाम है। यह कि मैं अपना नाम बदलकर ममता चर्मकार से ममता चौधरी रख ली हूँ। मै यह सुधार अपने व्यक्तिगत कारणों एवं महज परेशानी से बचने के लिए की हूँ इसमे कोई वाद्ययती व बईमानी नही है। प्रकाशन दिनांक से मेरा नाम ममता चौधरी हो गया है। भविष्य मे मुझे ममता चौधरी के नाम से जाना पहचाना एवं अन्य शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों मे दर्ज किया जावे। मै कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल एवं अन्य संबधित सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि मेरे समस्त शैक्षणिक अंकसूची, प्रमाण-पत्रों एव अन्य दस्तावेजों मे मेरा नाम ममता चौधरी दर्ज किया जावे।

पुराना नाम
(ममता चर्मकार) (MAMTA CHARMKAR)
नया नाम
(ममता चौधरी) (MAMTA CHOUDHARY)
पति- श्री राजेश प्रसाद
वार्ड नं. 03 (जुनहा टोला) ग्राम-क्योंटार,
तहसील-जैतहरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै सावित्री चर्मकार पिता प्रेमलाल निवासी वार्ड नं. 06 ग्राम क्योंटार थाना व तहसील जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) मे निवास करती हूँ। मै वर्तमान मे सावित्री चर्मकार के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। मेरे समस्त कक्षा के शैक्षणिक अंकसूची, प्रमाणपत्रों व अन्य शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों एवं प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल वर्तमान (मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल) द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020 की उत्तीर्ण परिणाम (आवेदन क्र. 2910200564004 अनुक्रमांक-23035186) तथा मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के अतिथि शिक्षक के स्कोर कार्ड एवं अनुभव प्रमाण पत्रों मे मेरा नाम सावित्री चर्मकार अंकित है। यह कि मै अपना नाम बदलकर सावित्री चर्मकार से सावित्री बसंत रख ली हूँ। मै यह सुधार अपने व्यक्तिगत कारणों एवं महज परेशानी से बचने के लिए की हूँ इसमे कोई वाद्ययंती व बईमानी नही है। प्रकाशन दिनांक से मेरा नाम सावित्री बसंत हो गया है। भविष्य मे मुझे सावित्री बसंत के नाम से जाना, पहचाना एवं समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों मे दर्ज किया जावे। मै कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल, कार्यालय कुलसचिव, पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) एवं अन्य संबंधित सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि मेरे समस्त शैक्षणिक अंकसूची, प्रमाण-पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों मे मेरा नया नाम सावित्री बसंत दर्ज किया जावे।

पुराना नाम
(सावित्री चर्मकार) (SAVITRI CHARMKAR)
नया नाम
(सावित्री बसंत) (SAVITRI BASANT)
वार्ड नं. 04 ग्राम-क्योंटार, तहसील-जैतहरी,
जिला-अनूपपुर (म.प्र.)